दिनांक : 09.09.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश और पंजाब का किया दौरा।
- राज्य मंत्रिपरिषद ने महापौर और नगरपालिका अध्यक्ष का प्रत्यक्ष चुनाव करने के अध्यादेश को दी स्वीकृति।
- इन्दौर बना देश का सबसे स्वच्छ वायु वाला शहर।
- एशिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आज से युएई मे होगा शुभारंभ, कल भारत का मैच युएई से।

**प्रधानमंत्री हिमाचल पंजाब**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश और पंजाब का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के चंबा, भरमौर, कांगड़ा और अन्य प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद,उन्होंने कांगड़ा में बैठक कर राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में मृतकों के निकटतम परिजनों को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने गुरदासपुर में बैठक में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और नुकसान आकलन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पंजाब के लिए 1600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा यह राशि राज्य आपदा राहत कोष में पहले से मौजूद 12,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त दी जाएगी।

## कैबिनेट निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में पुराने वाहन को स्क्रेपिंग कराने पर नए वाहनों पर 50 प्रतिशत की मोटरयान कर में छूट देने को स्वीकृति दी गई है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के निर्णय के बारे में बताया कि जिस श्रेणी का वाहन स्क्रैप किया गया है उसी श्रेणी का नया वाहन क्रय करने पर यह छूट प्रदान की जाएगी। -

सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव प्रणाली में संशोधन किया हैं। जिसके बाद अब महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष का सीधा चुनाव होगा। इसके लिए मध्यप्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 लाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

## कैबिनेट संबोधन जीएसटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नये जनरेशन का जीएसटी रिफॉर्म लाकर जो सुधार किया है, वह आम आदमी के जीवन को सुविधा देने वाला उपहार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सब को जीएसटी सुधारों की जानकारी जन-जन तक पहुँचानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के 17 सितंबर को धार जिले के बदनावर में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास करने के कार्यक्रम की जानकारी दी।

## संबंल योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में संबल योजना अंतर्गत, अनुग्रह सहायता के रूप में 175 करोड़ रूपये हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए। संबल योजना के अंतर्गत प्रारम्भ से अब तक 7 लाख 60 हजार 866 प्रकरणों में 7046 करोड़ रूपये से अधिक के हितलाभ वितरित किये जा चुके है। संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। अनुग्रह

सहायता के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसके अलावा कई अन्य कल्याणकारी प्रावधान योजना में किए गए हैं।

**उपराष्ट्रपति - चुनाव**

उपराष्ट्रपति चुनाव की मतगणना नए संसद भवन में शुरू हो गई है। मतदान सवेरे 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला। उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन तथा इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला है। संसद के दोनों सदनों के सदस्यों ने उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए वोट डाले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले वोट डाला।

**स्वच्छ-वायु पुरस्कार**

सबसे स्वच्छ शहर के बाद इंदौर अब देश का सबसे स्वच्छ वायु वाला शहर भी बन गया है। आज पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने नई दिल्ली में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार और आर्द्रभूमि शहर सम्मान समारोह 2025 के अंतर्गत इंदौर यह सम्मान दिया। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत वायु गुणवत्ता में जबलपुर को दूसरा स्थान मिला है। इंदौर और उदयपुर को रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस उपलब्धि पर प्रदेसवासियों को बधाई देते हुए बताया कि देवास को श्रेणी-3 में प्रथम स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस सर्वेक्षण में इंदौर ने 200 में से 200 अंक, जबलपुर ने 199 अंक और देवास ने 193 अंक प्राप्त किए हैं।

**इलेक्ट्रीक व्हीकल मैनिट**

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने आज भोपाल के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान - मेनिट में ईव्ही वर्कशॉप विद्युत-25 को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और परंपरागत ऊर्जा के घटते भंडार के बेहतर उपायों में

से इलेक्ट्रिक व्हीकल एक है। केन्द्र और राज्यों की सरकारें जनता में इलेक्ट्रिक व्हीकल को लोकप्रिय बनाने के लिये कई तरह की सब्सिडी दे रही है। कार्यक्रम में ईलेक्ट्रिक व्हीकल को जनसामान्य में लोकप्रिय बनाने के लिये विशेषज्ञों ने समूह चर्चा भी की। इस मौके पर इलेक्ट्रिक ऑटो एक्सपो में नवीनतम फोर व्हीलर और टू व्हीलर और कर्मशियल इलेक्ट्रिक व्हीकल का भी प्रदर्शन किया गया।

**क्रिकेट-एशिया कप**

एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट आज शाम संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शुरू रहा है। टी-20 प्रारूप में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में आज पहला मैच अफ़ग़ानिस्तान और हांगकांग के बीच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे खेला जाएगा। भारत का पहला मैच कल मेजबान संयुक्त अरब अमीरात से होगा। रोमांच से भरपूर भारत और पाकिस्तान के बीच मैच 14 सितंबर को होगा।

**मौसम**

प्रदेश में आज कई स्थानों पर दोपहर बाद तेज बारिश हुई। भोपाल, सीधी में दोपहर बाद हुई बारिश से कई जगह पानी भर गया। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए 8 जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। जिनमें सिगरौली, सीधी और रीवा जिले शामिल है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में जबलपुर, बालाघाट, छतरपुर, पन्ना में भारी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा सीहोरा में 3 दशमलव पांच इंच दर्ज की गई।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- उज्जैन की क्षिप्रा नदी में पुल से गिरी कार में सवार कांस्टेबल आरती पाल का शव आज मिला। इस दुर्घटना में कुल तीन पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो गयी है।

- नीमच की जावद कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने प्रोजेक्ट दीप 1500 बच्वों के लिए कौशल प्रशिक्षण एवं कृषि उपज मंडी में डोम का आज लोकार्पण, एवं किसान भवन का भूमिपूजन किया।

- रायसेन के स्वामी विवेकानन्द कॉलेज में युवा संगम मेले के दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के ऋण वितरित किए गए ।

- आगामी त्योहारों के दौरान दो पूजा स्पेशल ट्रेन शहडोल रूट से होकर गुजरेंगी। जिनमें दुर्ग–निजामुद्दीन–दुर्ग साप्ताहिक पूजा स्पेशल एक्सप्रेस 5 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक और दुर्ग–सुलतानपुर–दुर्ग साप्ताहिक पूजा स्पेशल 13 सितम्बर से 30 नवम्बर तक चलाई जाएगी।

- गुना पुलिस सड़क दुर्घटनाओं और मृत्युदर को कम करने के उद्देश्य से यातायात नियमों का पालन कराने के लिए 8 से 22 सितंबर तक विशेष अभियान चला रही है।

- मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने शहडोल के पूर्व रणजी खिलाड़ी जफर अली को दूसरी बार मध्य प्रदेश सीनियर चयन समिति का सदस्य बनाया है। उनका कार्यकाल 2025–26 से 2027–28 तक रहेगा।

- **जिला चिकित्सालय परिसर बैतूल में** कल **हृदय रोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के संभावित हृदय रोग के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।**

----------------------------